
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# कुमाऊं के लिये करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे पीएम

**जायजा**

## 30 को पीएम के हल्द्वानी भ्रमण को लेकर सीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**संवादाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 30 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित हल्द्वानी भ्रमण के मद्देनजर गुरुवार को कार्यक्रम स्थल एम.बी इन्टर कॉलेज मैदान का जनपद प्रभारी मंत्री यतीश्वरानन्द, केन्द्रीय पर्यटन रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, शहरी विकास मंत्री बंशीधर भगत व अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के उपरान्त मुख्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आयोजन से सम्बन्धित सभी व्यवस्थायें समय पर पूर्ण कर ली जाए। बैठक दौरान मुख्य विकास अधिकारी एवं लोनिवि के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री कार्यक्रम स्थल में मंच,बैठने की व्यवस्था का लेआउट



प्लान के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया साथ ही पार्किंग स्थल के बारे में भी बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल से जितना सम्भव हो सके उतने नजदीक पार्किंग स्थल चयनित किये जाये ताकि कार्यकर्ताओं व जनता को कार्यक्रम स्थल तक आने–जाने में परेशानियों का सामना ना करना पडे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्किग स्थल व पार्किंग स्थल रूट पर वॉलिंटियर लगाये जायेंगे ताकि बाहर से आने वाले कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल तक आने में परेशानी ना हो।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 30 दिसम्बर को प्रधानमंत्री हल्द्वानी में कुमाऊं क्षेत्र के लिये करोडों रूपये की लागत की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगें। उन्होंने कहा कि टनकपुर–बागेश्वर ब्रॉडगेज रेल लाइन सर्वे हेतु 29 करोड़ की धनराशि भारत सरकार से जारी हो चुकी है। जमरानी बांध की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

निरीक्षण दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, मेयर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिह रौतेला, विधायक नवीन दुम्का, दीवान सिंह बिष्ट, रामसिह कैडा, राजकुमार ठुकराल, प्रदेश महामंत्री भाजपा सुरेश भट्ट, संगठन मंत्री अजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. संदीप तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। बृहस्पतिवार को विभिन्न संगठन व पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय में एकत्रित होकर देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें याद किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज हमें चौधरी चरण सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि एक किसान परिवार में पले बड़े होकर देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे। यही सच्ची श्रद्धांजलि चौधरी चरण सिंह के प्रति होगी कि किसानों को न्याय मिले उनके कर्ज माफ हों। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को याद करने वालों में नेताजी संघर्ष समिति के प्रभात डंडरियाल,समाजवादी पार्टी के आरिफ वारसी ,राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के नवनीत गोसाई ,दिशा सामाजिक संस्था के सुशील विरमानी, कांग्रेसी नेता विपिन नौटियाल, और राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती आदि उपस्थित रहे।

### सोनी सब के ‘जिद्दी दिल–माने ना’ में अंगद हसीजा की एंट्री से आयेंगे रोमांचक मोड़!

**संवाददाता** देहरादून। सोनी सब का ‘जिद्दी दिल–माने ना’ पराक्रम एसएएफ के कैटेड्स पर आधारित अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों का पसंदीदा शो बन गया है। इस शो के आगामी एपिसोड् में कुंदन के रूप में अंगद हसीजा की एंट्री होने वाली है। उनका यह किरदार संजना (दिलजोत छाबड़ा) और सिड (कुणाल करण कपूर) के उभरते रिश्ते में रोमांचक मोड़ लेकर आयेगा। अंगद हसीजा शो में अपनी एंट्री को लेकर बेहद उत्साघहित हैं और उन्होंने बताया, ”सोनी सब के साथ यह मेरा पहला शो है और इसका हिस्सा बनकर मुझे वाकई में बेहद खुशी हो रही है। मेरा अब तक का सफर बहुत खूबसूरत रहा है और सेट का माहौल बहुत ही प्यारा है।

### केएफसी के द मोर द क्रिस्पियर का आनंद उठाएं

**संवाददाता** देहरादून। दिसंबर आ गया है और इस महीने चारों ओर खुशियों का माहौल होता है लेकिन यह दिसंबर थोड़ा अलग होगा क्योंकि केएफसी ने त्योहारों की खुशियों में और अधिक क्रिस्पीनेस जोड़ दी है केएफसी के दिसंबर फेस्ट के साथ अपनी छुट्टियों के सीजन की शुरुआत करें इस फेस्ट में केएफसी भरपूर मात्रा में आपके फेवरेट केएफसी फूड आइटम्स लेकर आया है 16 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच आप हॉट एंड क्रिस्पी चिकन और चिकन स्ट्रिप्स पर 4 पर 4, 5 पर 5 और 6 पर 6 के आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। अब एक पर एक फ्री के ऑफर को भूल जाइए क्योंकि केएफसी का दिसंबर फेस्ट द मोर द क्रिस्पियर की गारंटी देता है।

## उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने देहरादून पहुंची निर्वाचन आयोग की टीम

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारिया का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा, निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, अनूप चंद्र पांडेय व भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी देहरादून पहुंचे। उत्तराखंड की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

देहरादून पहुंचकर यह टीम सबसे पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक चुनाव के लिए की गई तैयारियों का प्रस्तुतिकरण आयोग के समक्ष करेंगे। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी और स्टेट नोडल अधिकारी भी आयोग के समक्ष अभी तक की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण देंगे।

शुक्रवार को आयोग की टीम स्वीप गतिविधियों के संबंध में जानकारी देगी। इसके साथ ही दिव्यांगजन, युवाओं, महिलाओं व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से भी वार्ता की जाएगी। इसके बाद आयोग की टीम निर्वाचन व्यय निगरानी समितियों के साथ बैठक करेगी। मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ भी आयोग की टीम की बैठक होगी।



### राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**संवाददाता** पुरोला। गुरुवार को राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षकों के कलमबंद हड़ताल पर जाने के कारण यहां मोरी व पुरोला तहसील में लोंगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक चार सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। तहसील में धरना–प्रदर्शन करते हुए इन्होने मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व सेवक संघ उत्तराखंड के बैनर तले मोरी व पुरोला ब्लाक में कार्यरत राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक चार सूत्रीय मांग को लेकर कलमबंद हड़ताल पर चले गए है जिससे यहा राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे है। मोरी व पुरोला में कार्यरत राजस्व निरीक्षको एवं राजस्व उप निरीक्षको ने यहां तहसील में धरना देकर मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

# उत्तराखंड में फिर से बीजेपी की सरकार बनेगीः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। अब बदलेगा भारत, बनेगा नवभारत के साथ नेतृत्व करता है ने देहरादून में अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम, नवभारत नवनिर्माण मंच– उत्तराखंड का आयोजन किया। इस सम्मेलन में 10 से भी ज्यादा दमदार सत्रों जिसमें कई जानी–मानी हस्तियों ने भाग लिया। इनमें शामिल थे – पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड, मनीष सिसोदिया, उप–मुख्यमंत्री, दिल्ली, हरक सिंह रावत, उद्योग मंत्री,उत्तराखंड, हरीश रावत,उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, प्रेमचंद अग्रवाल, उत्तराखंड विधानसभा के स्पीकर, और कर्नल अजय कोठियाल, सीएम पद के उम्मीदवार, आप। उन्होंने राज्य के सबसे प्रासंगिक विषयों को



संबोधित किया जैसे राज्य की अर्थव्यवस्था को दोबारा आकार देना, कोविड–19 के बाद पर्यटन को पुनर्जीवित करना, जलवायु संकट और आगामी राज्य चुनाव।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ”उत्तराखंड में फिर से बीजेपी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, लोग फिर से कांग्रेस की सरकार नहीं चाहते हैं, राज्य की जनता स्वाभिमानी और राष्ट्रवादी है। लोग चाहते हैं कि फिर से बीजेपी की सरकार आए और इसी तरह से लोगों के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में हमारी सरकार ने सभी स्तर के लोगों के लिए शानदार काम किया है।

इस बार बीजेपी को कितनी सीटें मिलेगी..इस सवाल के जवाब पर सीएम धामी ने कहा कि आप बिल्कुल तय मानिए मैं पूरे उत्तराखंड में जा रहा हूं। और छोटे छोटे स्थानों पर जहां लोगों को कार्यक्रम करना भारी पड़ता था। वहां सब मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। इसलिए मैं आपके मंच कह सकता हूं राज्य की जनता पहले से ज्यादा बहुमत देने वाली है। क्योंकि लोगों ने करप्शन देखा है। काला पंजा देखा है। खूनी पंजा देखा है।

### पति–पत्नी और तीन बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**संवाददाता** गोपेश्वर (चमोली)। चमोली जिले के घाट के दूरस्थ गांव घुनी में एक ही परिवार के तीन बच्चों और पति पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। राजस्व की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। मौत के कारणों का अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। राजस्व विभाग की टीम शवों के पंचनामा में जुट गई है। इस संबंध में नायब तहसीलदार धीरज राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों की टीम गांव में ही बुलाई गई है। इस हादसे में दिनेश (38 वर्ष) पुत्र ध्यानी राम, बीरा देवी (35 वर्ष) पत्नी दिनेश, अक्षय (सात वर्ष), नेहा (13 वर्ष) और अरुण (8 वर्ष) के शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिनेश ने एक कमरे में रस्सी के सहारे छत पर लगे हुक पर फांसी लगाई हुई थी, जबकि बीरा देवी और बच्चों के शव दूसरे कमरे में बरामद हुए। इस पूरी घटना से घुनी गांव में मातम पसरा हुआ है। नायब तहसीलदार धीरज राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।